आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 31.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रदेश में कल से बीपीएल परिवारों के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर दिया जायेगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी परिवार भी पात्र होंगे। राज्य सरकार द्वारा मासिक आधार पर अनुदान राशि लाभार्थियों के जनाधार से लिंक बैंक खाते में जमा कर दी जाएगी। डीग के जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इस योजना का लाभ हांसिल करने के लिए राशन कार्ड को एलपीजी आईडी व जनाधार से सीडिंग करवाना होगा। उन्होंने बताया कि डीग जिले में 1 लाख साढे 26 हज़ार उज्ज्वला गैस कनेक्शन है जबकि खाद्य सुरक्षा में कुल 1 लाख 31 हजार से अधिक परिवार शामिल है।

00000

सिरोही जिले के माउंटआबू में ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से आज से माइंड बॉडी मेडिसिन पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। संस्थान के ज्ञान सरोवर में आयोजित सम्मेलन का केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने उद्घाटन किया। सम्मेलन में देशभर के करीब 500 चिकित्सक भाग ले रहे है। इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय मंत्री ने योग और अध्यात्म का चिकित्सा में विशेष महत्व बताते हुए कहा कि चिकित्सा विज्ञान में इनके समायोजन से कई बीमारियों का समाधान संभव है। सम्मेलन में ब्रह्माकुमारी संस्था के पदाधिकारी, अनुयायी और चिकित्सक मौजूद रहे।

00000

जैसलमेर में जिला प्रशासन ने कल 20 पाक विस्थापितो को भारतीय नागरिकता के प्रमाण पत्र प्रदान किए। एक कार्यक्रम में जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने पाक विस्थापितों को प्रमाण पत्र सौंपे। भारतीय नागरिक बनने पर पाक विस्थापितो ने खुशी जाहिर की है और प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

00000

बीकानेर के ऊंट अनुसंधान केन्द्र की ओर से ऊंटों के दूध पर लगातार काम किया जा रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई देने लगे है। कैल्शियन, विटामिन और आयरन्स से युक्त ऊंटनी के दूध की मांग लगातार बढ रही है। इस दूध से बनी कुल्फी सहित कई उत्पाद भी बाजार में आ गये है, जिसे ग्राहक पसंद कर रहे है।

00000

बंगाल की खाड़ी में बने परिसंचरण तंत्र के प्रभाव से आगामी 24 घंटों में कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने तथा जयपुर, जोधपुर, अजमेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों में बारिश की गतिविधियों में कल से बढ़ोतरी होगी इस दौरान कहीं–कहीं भारी बारिश के गतिविधियां आगामी एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। केन्द्र के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने तथा 2 और 3 सितंबर को कहीं–कहीं भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है। इस बीच करौली जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्र में बीते 24 घंटों के दौरान हुई बारिश के बाद पांचना बांध के दो गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। जिला प्रशासन ने गंभीरी नदी में पानी के बहाव को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। डूंगरपुर जिले में पिछले कुछ दिनो से हो रही बारिश से मेवाड़ा बांध ओवरफ्लो हो गया है। बांध पर चादर चलने से स्थानीय लोगों में उल्लास का माहौल है। वहीं राजसमंद का नंदसमंद बांध भी कल छलक गया।

00000

भरतपुर के केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान में इन दिनों पक्षियों का कलरव पर्यटकों और पर्यावरण प्रेमियों को आकर्षित कर रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि उद्यान में पांचना बांध से आये पानी में बडी मात्रा में मछलियों सहित जलीय जीवों के भोजन के रूप में उपलब्ध होने से देशी विदेशी परिंदों की गतिविधियां बढ गई है।

000000